कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 10.01.2019

विषय : 12/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 12/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 21.12.2018 को प्रातः 11.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रेमसागर मीना, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री सी. श्रीनिवास रेड्डी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री टी. राममूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एस. मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जे. अंजन कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री के. राम नारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री के. गंगाधर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्रीमती सीएच. सुरेखा वाणी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री एस. साई किरण | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा समिति के नए सदस्यों श्री के. गंगाधर, श्रीमती सीएच. सुरेखा वाणी और श्री एस. साई किरण, लेखा अधिकारियों का परिचय दिया गया । तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**<u>मद सं.1</u> - <u>दिनांक 27.09.2018 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :</u>**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 27.09.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 27.09.2018 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **<u>हिंदी कार्यशाला का आयोजन :</u>** समिति को सूचित किया गया कि मुख्य कार्यालय में दिनांक 12.11.2018 से 16.11.2018 तक की अवधि के दौरान 05 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

2. **<u>ट्यूलिप परियोजना में रिजेक्शन मेमो को द्विभाषी जारी किया जाना</u>** : समिति को सूचित किया गया कि आई.टी.एस.डी.सी से बार-बार संपर्क किया गया है और लिखित अनुस्मारक के बावजूद अभी भी आई.टी.एस.डी.सी द्वारा कार्रवाई प्रतीक्षित है । ट्यूलिप परियोजना में विभिन्न अनुभागों द्वारा जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उस पर इस कार्यालय के नियंत्रक महोदय द्वारा आई.टी.एस.डी.सी के नियंत्रक महोदय के साथ चर्चा हुई जिसके बाद आई.टी.एस.डी.सी. ने सूचित किया है कि आउटपुट फाइलों की द्विभाषी प्रिंटिंग के लिए प्रोग्राम में प्रमुख संशोधनों की आवश्यकता है जिसके लिए उन्होंने कुछ और समय माँगा है ।

3. **<u>निरीक्षण:</u>** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार नौ स्थानीय उप-कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के सात अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया जाएगा । समिति को सूचित किया गया कि पिछली तिमाही में तीन अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया और उनकी निरीक्षण रिपोर्टें मुख्यालय कार्यालय और संबंधित कार्यालयों को भेज दी गई है। इसके अलावा जनवरी, 2019 में अन्य 06 उप-कार्यालयों के निरीक्षण किया जाएगा ।

**<u>मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 06/2018 तथा 09/2018 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :</u>**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 06/2018 तथा 09/2018 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :</u>

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 06/2018 | 350 | 350 | शून्य |
| 09/2018 | 383 | 383 | शून्य |

2. <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति :</u>

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 06/2018 | 17802 | 4116 | 81.23% |
| 09/2018 | 20824 | 5277 | 79.78% |

<u>**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा**</u> - समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से 04 पत्र प्राप्त हुए हैं और उनपर कार्रवाई की जा चुकी है । इनमें से एक पत्र महानियंत्रक कार्यालय में आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक के कार्यवृत्त से संबंधित है जिसमें इस कार्यालय के लिए कोई विशेष अनुदेश नहीं है । एक अन्य पत्र ई-सूचना परियोजान से संबंधित है जिसके अनुसार मुख्यालय कार्यालय को भेजी जाने वाली प्रत्येक रिपोर्ट को ई-सूचना के माध्यम से भेजने का निदेश मिला है । समिति को सूचित किया गया कि पिछली तिमाही की हिंदी की प्रगति रिपोर्ट ई-सूचना के माध्यम से ही भेजी गई थी। नियंत्रक महोदय ने निदेश दिया कि अधीनस्थ कार्यालयों को आं.ले.प.कक्ष के माध्यम से ई-सूचना परियोजना में पंजीकृत करने की कार्रवाई को शीघ्र पूरा कर लिया जाए ताकि भविष्य में ई-सूचना के माध्यम से ही रिपोर्टों को प्राप्त किया जा सके और समेकन के उपरांत मुख्यालय कार्यालय को भी भेजा जा सके ।

<u>**मद सं. 5 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा**</u> - समिति के समक्ष वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 के प्रत्येक मद हेतु निर्धारित लक्ष्य को रखा गया और संगठन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा की गई । केवल प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा किया जाना शेष है । समिति को सूचित किया गया कि प्रत्येक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (अर्थात् प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ) में प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों की बहुत कम संख्या होने के कारण हिंदी शिक्षण योजना से अनुरोध किया गया है कि वे प्रबोध और प्रवीण कक्षा को एक ही सत्र में संयुक्त रूप से प्रशिक्षण देने पर विचार करें ताकि कार्यालय के परिसर में आकर प्रशिक्षण देने हेतु न्यूनतम प्रशिक्षणार्थियों की संख्या की उनकी शर्त को पूरा करते हुए प्रशिक्षण पूरा किया जा सके । हिंदी शिक्षण योजना द्वारा इस संबंध में सहमति दिए जाने पर अगले सत्र में कर्मचारियों को नामित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ।

<u>**मद सं. 6 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा**</u> :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

<u>**मद सं. 7 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव**</u> :

1. **न.रा.का.स.** - वरिष्ठ अनुवादक ने सूचित किया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की "समारोह उप-समिति" में उन्हें एक सदस्य के रूप में नामित किया गया है और पिछले वर्ष के दौरान इस उप-समिति द्वारा न.रा.का.स. के तत्वावधान में दो कार्यशालाओं और एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजान किया गया । नवंबर, 2018 में केवल हिंदी पदाधिकारियों के लिए एक उन्नत एवं रिफ्रेशर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
2. **तिमाही प्रगति रिपोर्ट** - सदस्यों का सुझाव था कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट को भरने के संबंध में एक लघु-अवधि कार्यशाला का आयोजन किया जाए ताकि अनुभाग के हिंदी टास्क होल्डर को रिपोर्ट को सही तरह भरने की जानकारी दी जा सके । वरिष्ठ अनुवादक ने इसे नोट किया ।

3. **कार्यान्वयन पर अनुस्मारक -** नियंत्रक महोदय ने सुझाव दिया कि समय-समय पर राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में अनुभागों और अधीनस्थ कार्यालयों को आवश्यक निदेश स्मरण कराते रहना चाहिए । अत: समय-समय पर इस संबंध में परिपत्र जारी किए जाएँ । वरिष्ठ अनुवादक ने इसे नोट किया ।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्त हुई ।

र.ले.नि. महोदय ने देख लिया है ।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)